तापमान

अधिकतम 32.0 डिग्री

न्यूनतम 25.0 डिग्री

हरिभूमि

# रत्न भूमि

रायपुर, बुधवार 10 जुलाई 2024



11 अंचल में माता पहुंचानी का पर्व धूमधाम के साथ मनाया...





12 बिजली कटौती और दरों में वृद्धि से लोग परेशान: साहू







प्रवेश प्रारंभ
BCA
PGDCA
DCA
B.P.Ed.
B.P.E.
PG Diploma in Yoga Edu.
AICTE एवं NCTE से मान्यता प्राप्त
(पं. र.वि.वि. रायपुर से सम्बद्ध)
नेताजी सुभाष कॉलेज बेलभाठा, अभनपुर


## खबर संक्षेप

### प्राकृतिक आपदा प्रकरण में चार लाख रुपये की राशि की स्वीकृत

**गरियाबंद**। कलेक्टर दीपक अग्रवाल ने प्राकृतिक आपदा से मृत्यु के 1 प्रकरण में मृतक के परिजन 4 लाख रुपये की आर्थिक सहायता राशि की स्वीकृति दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार छुरा तहसील के ग्राम सांकरा निवासी 74 वर्षीय कुमार सिंह ध्रुव की एनीकट में गिरकर डूबने से मृत्यु हो जाने के कारण उनके निकटतम परिजन अर्थात उनकी पत्नी शुभरन ध्रुव को 4 लाख रुपये स्वीकृत की गई है।

### अज्ञात कारणों से लगाई फांसी

**महासमुंद**। पिथौरा थाना क्षेत्र के ग्राम अरंड में एक व्यक्ति ने अज्ञात कारणों से फांसी लगा ली। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 7 जुलाई की दरमियानी रात जीवराखन ध्रुव पिता उमेश ध्रुव (42 साल) निवासी ग्राम अरंड ने फांसी लगा ली। इसकी सूचना भुवन ध्रुव ने थाने में दी, जिस पर पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच विवेचना में लिया है।

### खेत से धान चोरी, छह आरोपियों में चार बुजुर्ग

**महासमुंद**। खेत से धान चोरी करने के मामले में सांकरा थाने में 6 लोगों के खिलाफ जुर्म दर्ज किया गया है। सांकरा पुलिस ने न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी पिथौरा जिला महासमुंद छग के पारित आदेश के परिपालन में उक्त कार्रवाई की है। पुलिस ने बताया कि प्रार्थी राजेश भोई पिता विसम्बर भोई (40 साल) निवासी सल्डीह ने काटकर खेत में रखे धान को गांव के भगत पिता धुबा (65 साल), श्रीमती लेरो पति हाडू (60 साल), मनोज पिता हाडू (38 साल), श्रीमती संगीता पति मनोज (60 साल), धनु पिता गजाधर (60 साल), श्रीमती भूमि पति धनु (55 साल) सभी निवासी सल्डीह द्वारा चोरी करके ले जाने की रिपोर्ट लिखाई थी।

बदहाल शिक्षा व्यवस्था : ग्राम ताराझर, कुर्वापानी, भालुडिग्गी में झोपड़ियों में पढ़ने बच्चे मजबूर

# भवन नहीं, झोपड़ियों व आसमान के नीचे नौनिहाल गढ़ रहे भविष्य

हरिभूमि न्यूज ▸▸ मैनपुर

जिले में एक दर्जन ऐसे स्कूल है जहां अब तक पढ़ाई करने वाले बच्चों को भवन नसीब नहीं हो पाया है। खुले आसमान के नीचे या फिर चारो तरफ से खुले लकड़ी, घासफूस से निर्माण किए गए झोपड़ियों में अपना सुनहरा भविष्य गढ़ने को मजबूर है। राज्य और केन्द्र सरकार द्वारा शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए अनेक प्रकार की योजनाएं चलाने का दावा तो करती है लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और ही नजर आ रही है। जिले के मैनपुर विकासखण्ड अन्तर्गत पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी के गोद ग्राम पंचायत कुल्हाड़ीघाट के आश्रित ग्राम जो पहाड़ी के ऊपर बसा है यहां विशेष पिछड़ी कमार जनजाति के लोग निवास करते है और इन ग्रामों में स्कूली छात्र-छात्राओं के लिए अब तक स्कूल भवन निर्माण नहीं किए जाने से स्कूली बच्चे घासफूस की झोपड़ी या किसी ग्रामीण के घर के आंगन में पढ़ाई करने मजबूर हो रहे हैं। ऐसा नहीं है कि इसकी जानकारी संबंधित शिक्षा विभाग के अधिकारियों को न हो कई बार इस समस्या से अवगत कराया जा चुका है लेकिन अब तक समस्या का समाधान नहीं हुआ है। पहाड़ी गांव का हवाला देकर स्कूल भवन नहीं बन पाना बताया जाता है जबकि पहाड़ी के ऊपर बसे इन ग्रामों में दूसरे निर्माण कार्य जैसे प्रधानमंत्री ▸▸ शेष पेज 10 पर





**दी गई है विभाग को जानकारी-** पहाड़ी के ऊपर कुंरूवापानी, ताराझर, भालुडिग्गी में स्कूल भवन ही नहीं है। बच्चे झोपड़ियों में पढ़ाई करने मजबूर हो रहे हैं, जिसकी जानकारी शिक्षा विभाग को भेजा जा चूका है।

**-चन्द्र शेखर मिश्रा**, विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी

### कमार जनजातियों के विकास के लिए दर्जनों योजनाएं

केन्द्र और राज्य सरकार द्वारा विशेष पिछड़ी कमार आदिवासी जनजाति के विकास के लिए दर्जनों योजनाएं संचालित किया जा रहा है और बकायदा गरियाबंद जिला मुख्यालय में अलग से कमार परियोजना कार्यालय प्रारंभ कर एक पूरे अमला तैनात किया गया है इसके बावजूद आज क्षेत्र के अधिकांश कमार जनजाति ग्रामो में विकास की रौशनी तो काफी दूर की बात है पहुंचने के लिए सड़क और पुल पुलिया भी नहीं बना है यहां विकास की तमाम बाते सिर्फ खोखले दावे साबित हो रही है सरकार द्वारा लाखो करोड़ो रूपये का अलग से बजट तैयार कर कमार जनजाति के विकास के लिए परियोजना मद में दिया जाता है लेकिन इस मद में प्राप्त होने वाले लाखो करोड़ो रूपये राशि कहां खर्च हो रहे है यह समझ से परे है। यदि कमार जनजाति के विकास के लिए इन लाखो- करोड़ों रूपये को खर्च किया जाता तो निश्चित रूप से आजादी के 75 वर्षों बाद भी यहां के बच्चों को घासफूस की झोपड़ी में पढ़ाई करने मजबूर नहीं होना पड़ता।

# तेज रफ्तार वाहन पेड़ से टकराया, 20 गंभीर



### घायलों का राजिम स्वास्थ्य केंद्र में इलाज जारी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ छुईहा बेलर



- घटारानी दर्शन कर घर लौट रहे थे श्रद्धालु

क्षेत्र के धार्मिक एवं पर्यटन स्थल में मंगलवार को घटारानी घूमने आए श्रद्धालु वापस घर जा रहे थे। तभी शाम 5 बजे घटारानी से महज 3 किलोमीटर दूर घटारानी जंगल क्षेत्र की रोड में आये थे कि छोटा हाथी अनियंत्रित होकर पहले सड़क किनारे पेड़ से टकराई फिर जंगल की झाड़ी से टकरा कर पलट गई। इस घटना में 20 लोग को गंभीर चोट आई है। सूचना मिलने पर संवाददाता पहुंचे और पुलिस थाना फिगेंश्वर टीआई फैजूल होदा को घटना की जानकारी दी। उन्होंने तुरन्त पैट्रोलिंग ▸▸ शेष पेज 10 पर

# कलेक्टर ने जनदर्शन में सुनी समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ▸▸ गरियाबंद



**जनदर्शन में मिले 69 आवेदन**

मंगलवार को कलेक्टोरेट सभा कक्ष में जनदर्शन में जिले के नगरीय, ग्रामीण एवं वनांचल क्षेत्रों से आये लोगों की मांग, समस्याएं एवं शिकायतें कलेक्टर दीपक कुमार अग्रवाल ने सुनी। जिस पर कलेक्टर अग्रवाल ने उपस्थित अधिकारियों को उनके समाधान का निराकरण करने को कहा। जनदर्शन में 69 लोगों ने आवेदन प्राप्त हुए। इस दौरान कुछ समस्याओं का निराकरण जनचौपाल में ही किया गया, शेष आवेदनों के निराकरण के लिए निर्धारित समय तय की गई है। जनदर्शन में ग्राम करेली के गौकरण सिंह मरकाम ने अत्यधिक बिजली बिल आने की समस्या को लेकर पहुंचे थे, जिस पर कलेक्टर ने सीएसईबी को अधिकारी को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिये। इसी प्रकार ग्राम गोंदलाबाहरा के रंजीत ने कृषि भूमि सीमांकन करने, ग्राम बोरसी के शिवनंदन साहू ने भू-स्वामी जमीन पर कब्जा दिलाने, ग्राम करकरा के दादूराम यादव ने अंतर राशि दिलाने, ग्राम पाण्डुका के अजीज खान ने श्रवण यंत्र प्रदाय करने की मांग की। इसके अलावा छुरा की मंजू देवार ने आधार कार्ड एवं राशन कार्ड बनाने, ग्राम धवलपुर के तलकराम ने तेन्दूपत्ता की राशि दिलाने, ग्राम हिराबतर के ग्रामीणों ने ग्राम हिराबतर को अलग से ग्राम पंचायत बनाने, छुरा में आदिवासी कन्या आश्रम शाला का त्वरित जीर्णोद्धार करवाने, ग्राम गायडबरी के आवासपारा में ट्रांसफार्मर लगाने, ग्राम पंचायत गायडबरी के मॉ जतमई संचालन ग्रामसभा समिति ने अतिक्रमण हटाने, ग्राम रोहिना के सरपंच ने सुन्दरपरा शासकीय प्राथमिक शाला जर्जर भवन का मरम्मत कराने, ग्राम नवापारा के उग्रसेन यादव ने सीमांकन प्रतिवेदन प्रदान करने, ग्राम खड़मा की धनेश्वरी ने शौचालय निर्माण हेतु राशि प्रदान करने, ग्राम कासरबाय के समस्त ग्रामवासियों ने प्राथमिक शाला कासरबाय में प्राधन पाठक की नियुक्ति करने, गरियाबंद के वार्ड नम्बर 13 निवासी टिकेश कुम्भकार ने स्वामी आत्मानंद स्कूल में दाखिला कराने आवेदन प्रस्तुत किये। इस दौरान कलेक्टर अग्रवाल ने ग्रामीणों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और उनके निराकरण के लिए ग्रामीणों को आश्वस्त किया। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ रीता यादव, अपर कलेक्टर अरविन्द पाण्डेय सहित जिला स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित थे।

# महिला कोटवार की नियुक्ति आदेश कॉपी को लेकर संघ की हड़ताल जारी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ राजिम



राजिम मुख्यालय में कोटवार संघ का हड़ताल का दूसरा दिन भी जारी रहा। जिसमें बड़ी संख्या में तहसील के कोटवार शामिल हुए। ये हड़ताल पीपरछेड़ी में एक लंबे समय से कार्यरत कोटवार हरिकीर्तन नगारची के निधन होने के पश्चात उनकी पत्नी मीना बाई नगारची को कोटवार बनाया गया लेकिन उन्हें न तो आदेश की कॉपी दी गई और न ही पारिश्रमिक दिया गया। इसे लेकर पूरे तहसील के गुस्साए कोटवार संघ ने 5 जुलाई को राजिम एसडीएम कार्यालय पहुंचकर एक ज्ञापन दिया था। जिसमें स्पष्ट रूप से कहा गया था कि इस महिला कोटवार का परिवार आर्थिक संकट के दौर से गुजर रहा है। परिवार की जिम्मेदारी इन्ही के ऊपर है। जीविकोपार्जन के लिए इनके पास कोई अन्य साधन नही है। कोटवार संघ ने ज्ञापन में यह भी लिखा था कि 7 जुलाई तक यदि उनकी मांग पूरी नही होती है तो 8 जुलाई से सभी कोटवार अनिश्चितकालीन हड़ताल पे चले जाएंगे। प्रशासन के ऊपर कोटवारो के ज्ञापन का कोई असर नही हुआ। अंततः कोटवार संघ अपने इस मांग को लेकर हड़ताल करने के लिए मजबूर हो गए। बता दें कि कोटवार एक ऐसा पोस्ट है जिस पर राजस्व और पुलिस विभाग के कार्यो की अहम जिम्मेदारी होती है। प्रशासन का कोई भी काम हो बिना कोटवार के होता नही। इसी तरह किसी भी प्रकार से घटना-दुर्घटना होने पर जांच में गांव पहुंचने वाले पुलिस अफसरो का काम भी बिना कोटवार के होता ▸▸ शेष पेज 10 पर


# जिले में कालाबाजारी रोकने कीटनाशक दुकानों का कलेक्टर दीपक ने किया औचक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▸▸ गरियाबंद

कलेक्टर दीपक कुमार अग्रवाल ने जिलें में बीज, उर्वरक एवं कीटनाशक के अवैध परिवहन, कालाबाजारी, मुनाफाखोरी रोकने तथा शासन द्वारा निर्धारित दर पर ही कृषकों को बीज, उर्वरक एवं कीटनाशक उपलब्ध कराने के निर्देश दिये गये हैं। जिसके परिपालन में कृषि विभाग के उप संचालक चंदन कुमार राय के मार्गदर्शन में सहायक संचालक कृषि रमेश कुमार निषाद द्वारा सोमवार 8 जुलाई को गरियाबंद विकासखण्ड के मेसर्स माँ विद्या कृषि केन्द्र ग्राम मदनपुर का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान परिसर में स्कंध पंजी व वितरण पंजी संधारण नहीं करने, कैश व क्रेडिट मेमो जारी नहीं करने, अवसान तिथि उपरांत कीटनाशकों का भंडारण करने तथा बिना स्त्रोत प्रमाण पत्र के कीटनाशकों का भंडारण एवं वितरण किया जाना पाया गया। जिसके फलस्वरूप कीटनाशी अधिनियम 1968 एवं नियम 1971 के निहित प्रावधान के अनुसार जब्ती की कार्यवाही की गई। इसी क्रम में छुरा विकासखण्ड के कृषि विकास अधिकारी प्रियतम कुमार अनंत द्वारा मेसर्स किसान संसार पाण्डुका का औचक निरीक्षण किया गया। इस दौरान आवश्यक दस्तावेजों का संधारण नहीं करना पाया गया। जिस पर कीटनाशी अधिनियम 1968 एवं नियम 1971 के निहित प्रावधानों का उल्लंघन करने के फलस्वरूप दोनों प्रतिष्ठानों को नोटिस जारी कर तीन दिवस के भीतर जवाब मांगा गया है। निर्धारित समयावधि में संतोषप्रद जवाब प्रस्तुत नहीं करने पर नियमानुसार कार्यवाही किया जायेगा। उन्होंने किसान भाईयों से अपील करते हुए कहा है कि निर्धारित दर पर ही उर्वरकों का क्रय करें साथ ही अवसान तिथि की जांच कर कीटनाशकों का क्रय करे तथा उर्वरक विक्रेताओं द्वारा निर्धारित दर से अधिक कीमत पर उर्वरक विक्रय करने पर क्षेत्र के ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी के माध्यम से सूचित करने का आग्रह किया गया है।

# राजिम महानदी पुल की उखड़ी परत, छड़ बाहर

हरिभूमि न्यूज ▸▸ राजिम



रायपुर-देवभोग-उड़ीसा स्टेट को जोड़ने वाला राजिम महानदी में बना पुल अभी से जर्जर हो रहा है। करीब डेड़ दर्जन प्वाइंट पे इस पुल में छड़ दिखने लगा है। जगह-जगह छड़ दिखने से गढ्ढानुमा भी हो गया है जहां बाईक सवार गिरते रहते है। 6 सितंबर 2008 से शुरू होने वाला यह पुल 13 फरवरी 2012 को बनकर तैयार हो गया। मात्र 12 साल के अवधि में रॉड दिखना,जर्जर होना समझ से परे है। हालांकि कुछ गढ्ढो और दिख रहे छड़ को बजरी गिट्टी और सीमेंट डालकर ढकने का प्रयास तीन दिनो पहले किया गया है। भारी भरकर ओवरलोड रेत भरी हाइवा, लकड़ी के गोलो से लदे ट्रक के भार को ▸▸ शेष पेज 10 पर

### पुल का क्षतिग्रस्त होना चिंता का विषय

नगर पंचायत अध्यक्ष रेखा-जितेंद्र सोनकर ने कहा की पुल का



क्षतिग्रस्त होना, जगह-जगह से रॉड दिखना निश्चित ही चिंता का विषय है। इस पर शासन-प्रशासन स्तर में संज्ञान लेना बहुत जरूरी है वरना बिना देख-रेख के अभाव में यह पुल निरंतर कमजोर होता चला जाएगा।

### जुआ खेल रहे सात लोगों पर कार्रवाई

**महासमुंद**। सरायपाली पुलिस ने बाजारपारा में नीम के पेड़ के नीचे जुआ खेल रहे 7 लोगों पर कार्रवाई करते हुए 9800 रुपए जब्त किया है। मामले में आरोपियों के खिलाफ धारा 3(5) छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 के तहत कार्रवाई की गई है। पुलिस ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली थी कि कुछ लोग बाजारपारा वार्ड नं0 11 नीम पेड के नीचे रुपए पैसे से हारजीत का दाव लगाकर 52 पत्ती ताश से काट पत्ती नामक जुआ खेल रहे हैं। इसके बाद मुखबिर के बताए स्थल पर पहुंचकर घेराबंदी की गई, इस दौरान कुछ जुआरी भाग निकले और कुछ पकड़े गए।


आईसेक्ट - ईशान एकेडमी
कम्प्यूटर प्रशिक्षण केन्द्र
कम्प्यूटर पाठ्यक्रम
MBC-T | CCC-T | TALLY | BASIC COMPUTING
विश्वविद्यालय पाठ्यक्रम
PGDCA | DCA
प्रवेश प्रारंभ
स्कॉलरशिप सुविधा । कम शुल्क - बेहतर शिक्षा ।
नवापारा - सुभाष चौक, सदर रोड
राजिम - साहू छात्रावास के पास, पथर्रा रोड
सम्पर्क करें - 98265-26082


राजस्व शिविर में समस्याओं का हो रहा निराकरण

# केसर बाई को मिली किसान किताब

हरिभूमि न्यूज ▸▸ गरियाबंद



**शिविर में 99 प्रकरणों का हुआ त्वरित निराकरण**

लोगों के राजस्व संबंधी प्रकरणों के त्वरित निराकरण के लिए गांवों में विशेष राजस्व शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। शिविर के माध्यम से ग्रामीण जन अपनी राजस्व संबंधी समस्याओं के निराकरण के लिए आवेदन लेकर शिविर स्थलों में पहुंच रहे है। लोगों की सहुलियत के लिए प्राप्त आवेदनों का यथासंभव निराकरण भी किया जा रहा है। जिससे ग्रामीणों को एक ही स्थान पर विभिन्न प्रकार की समस्याओं का समाधान मिल जा रहा है। इसी तारतम्य में आज तहसील राजिम अंतर्गत ग्राम बासीन में राजस्व शिविर का आयोजन किया गया। गांव की केसर बाई नामांतरण के निराकरण के लिए शिविर स्थल में पहुंची थी। शिविर में मौजूद तहसीलदार एवं राजस्व अमलों ने केसर बाई के प्रकरण पर तत्काल कार्यवाही करते हुए नामांतरण कर उन्हें तत्काल किसान किताब प्रदान कर दिया गया। जिससे केसर बाई ने खुशी जताते हुए समस्याओं के निराकरण के लिए लगाये जा रहे शिविर के लिए शासन-प्रशासन का आभार जताया। तहसीलदार अजय चन्द्रवंशी ने बताया कि राजस्व पखवाड़ा के तहत बासीन में आयोजित शिविर में विभिन्न प्रकार की समस्याओं को लेकर लोग पहुंचे हुए थे। शिविर में 99 प्रकरण का त्वरित निराकरण कर ग्रामीणों को लाभान्वित किया गया।

### अंबेडकर चौक से स्कूटी चोरी

**महासमुंद**। रथ यात्रा के दौरान भगवान जगन्नाथ का दर्शन करने गई युवती 10 मिनट बाद लौटी तो उसकी स्कूटी गायब मिली। उसने कोतवाली थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। नगर सैनिक पुष्पा सिंह ने बताया कि उसकी बहन पंकजनी सिंह रविवार को एक्टिवा से रथ यात्रा देखने अंबेडकर चौक गई थी, जहां शाम करीब 6:45 बजे एक्टिवा को ऋषभ इलेक्ट्रॉनिक के सामने अंबेडकर चौक के पास हैंडल लॉक कर खड़ी की। बाद वह भगवान जगन्नाथ का दर्शन कर प्रसाद लेकर वापस लौटी। तब तक उनकी एक्टिवा गायब हो गई थी।


पाठक सूचना
गरियाबंद जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9993223300, 8370049468

## खबर संक्षेप



### सहायक आयुक्त आदिवासी विकास ने ली बैठक

**महासमुंद।** एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय के सभाकक्ष में सहायक आयुक्त आदिवासी विकास शिल्पा साय ने नव पदस्थापित शिक्षकों एवं कर्मचारियों की बैठक ली। बैठक में उन्होंने शिक्षकों एवं कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने गर्ल्स हॉस्टल का निरीक्षण किया तथा बच्चों से मुलाकात कर उनकी परेशानियां एवं हालचाल जाना।

### नगर के शीतला मंदिर में माता पहुंचनी कल

**महासमुंद।** नगर के मां शीतला मंदिर में 11 जुलाई 2024 गुरुवार को माता पहुंचनी का आयोजन किया गया है। जिसमें सुबह से देर शाम तक माता की विशेष पूजा अर्चना कर श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया जाएगा। मंदिर समिति के सदस्य भाऊ राम साहू ने बताया कि माता पहुंचनी के आयोजन की तैयारी के लिए मंदिर समिति जुटे हैं। उन्होंने समस्त नगरवासियों से माता पहुंचनी के अवसर पर मां शीतला मंदिर में दर्शन लाभ लेने उपस्थित होने आग्रह किया है।



### बागबाहरा में माता पहुंचनी पर्व कल

**बागबाहरा।** थाना पारा शीतला माता मंदिर में गुरुवार 11 जुलाई को माता पहुंचनी (जुड़वास) पर्व का आयोजन रखा गया है। समिति द्वारा आयोजन को बड़े ही धूमधाम से मनाने की तैयारी की जा रही हैं। समिति ने सभी वार्डवासी तथा नगरवासियों से अपील की है कि उक्त आयोजन में मंदिर पहुंच कर ठंडाई व प्रसाद ग्रहण करें।

## ट्यूबवेल वाले किसान रोपाई कार्य में व्यस्त...



**नर्रा।** आषाढ़ माह में ट्यूबवेल साधन संपन्न वाले किसान धान की रोपाई कार्य में जुट गए हैं। क्षेत्र में धान बोआई के अलावा दलहन, तिलहन, उड़द, मूंग, मूंगफली आदि की बोआई कार्य जोरशोर से चल रही है। बता दें कि आषाढ़ माह के आधे पखवाड़े बीत जाने के बाद भी क्षेत्र में अच्छी बारिश नहीं हुई। तेज धूप व उमस भरी गर्मी से लोग परेशान है। कुछ किसान खुर्रा धान बोआई किए है। उन्हीं किसानों के धान बियासी करने लायक हो गई है। क्षेत्र में बियासी और रोपाई कार्य के लिए किसान झमाझम बारिश की राह देख रहे है।

# 6 माह के कार्यकाल में भाजपा ने की प्रदेश की दुर्दशाः विनोद

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

**आवास योजना के हितग्राहियों को जारी नहीं हुई राशि**

पूर्व संसदीय सचिव व महासमुंद के पूर्व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने कहा कि 6 महीने के कार्यकाल में ही भाजपा ने प्रदेश की दुर्दशा कर दी। भाजपा की सरकार बनते ही छत्तीसगढ़ में महंगाई, भ्रष्टाचार, चोरी और चाकूबाजी की घटनाएं दिनदहाड़े हो रही है। महंगाई से राहत देने केंद्र व राज्य सरकार कारगर कदम नहीं उठा पा रहे हैं। पेट्रोल, डीजल, खाद्य तेल, रसोई गैस सहित तमाम बुनियादी जरूरतों पर महंगाई का राज है। चंद्राकर ने कहा कि डबल इंजन सरकार में 18 लाख आवास बनाने का वादा किया गया था। वर्तमान में आवास योजना का अता-पता नहीं है। 18 लाख आवास बनाने की जुमला वाले होर्डिंग तो नई सरकार बनने से पहले ही लग गए थे, लेकिन अभी तक किसी भी आवास को लेकर राज्य सरकार ने राशि जारी नहीं की। पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार में गरीबों के लिए 9 लाख आवास बनाए गए। आवास के सभी किस्त बराबर हितग्राहियों के खाते में पहुंचे। इसके अलावा केंद्र सरकार द्वारा जारी पात्रता सूची के अनुसार 2011 सर्वे सूची में नाम आवश्यक था। इसके तहत कई गरीब आवास के लाभ से वंचित हो गए थे। जिन्हें भूपेश सरकार ने 2011 सर्वे सूची की पात्रता हटाकर 1 लाख 30 हजार गरीबों को मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास न्याय योजना के तहत मकान बनाने राशि स्वीकृत की। योजना का शुभारंभ करते हुए 25 सितंबर 2023 को सांसद राहुल गांधी ने हितग्राहियों के लिए राशि जारी की थी। वर्तमान में दुर्भावनावश भाजपा सरकार द्वारा उक्त योजना के तहत गरीबों को दूसरी किस्त जारी नहीं किया गया। चंद्राकर ने कहा कि उक्त योजना के हितग्राहियों को पीएम आवास में मर्ज कर तत्काल उन्हें आवास का समस्त भुगतान किया जाना चाहिए। जिससे उनके अधूरे मकानों को पूरा किया जा सके।



# रथयात्रा के मौके पर विधायक चातुरी ने अनेक कार्यों का किया भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरायपाली



क्षेत्रीय विधायक चातुरी नंद ने रथ यात्रा के अवसर पर कई कार्यों का भूमिपूजन किया। उन्होंने ग्राम चनाट में भगवान जगन्नाथ मंदिर निर्माण और सीसी रोड निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया। इसी तरह विधायक नंद ने ग्राम केंदूढार में विंध्यवासिनी मंदिर के पास रंगमंच निर्माण कार्य भूमिपूजन किया। इस अवसर पर उन्होंने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि रथयात्रा के पावन अवसर पर भगवान जगन्नाथ मंदिर निर्माण कार्य का भूमिपूजन करना मेरे लिए सौभाग्य की बात है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के गांवों के विकास के लिए मैं सतत प्रयासरत हूं। इसी कड़ी में ग्राम चनाट में सीसी रोड निर्माण और ग्राम केंदूढार में लंबे समय से किए जा रहे रंगमंच निर्माण का भूमिपूजन किया। आम जनता के हित में हमारी पार्टी हमेशा लोगों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी रही, जिसका लाभ लोगों को मिलता भी है। कार्यक्रम के दौरान विधायक प्रतिनिधि रमेश पटेल, ग्राम चनाट की सरपंच हेमकुंवर पटेल, उपसरपंच चूड़ामणि साहू, दुधनाथ साहू, मूकितराम बरिहा, यादराम बरिहा, सालीकराम बरिहा, मोतीराम बरहा, बसंत बरिहा, टीकाराम पटेल, भारत पटेल, मोहन पटेल, जय कुमार पटेल, उदल पटेल, लव पटेल, अजय पटेल, कुंजन पटेल, देवेश पुरुषोत्तम पटेल, कमलदेव पटेल, संतलाल पटेल, नरेंद्र पटेल, डोलामणी, जयबन, मनीष, भागीरथी, प्रकाश समेत ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# सुखरीडबरी स्कूल में मनाया गया प्रवेशोत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭ बागबाहरा



शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सुखरीडबरी में 9 जुलाई को पूर्व शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के पूर्व अध्यक्ष कमल चक्रधारी, ग्रामीणों एवं विद्यालय परिवार की उपस्थिति में कक्षा नवमी एवं दसवीं के विद्यार्थियों को तिलक लगाकर शाला प्रवेशोत्सव मनाया गया। साथ ही निःशुल्क पाठ्यपुस्तक का वितरण किया गया।

मुख्य अतिथि ने बच्चों, शिक्षकों एवं पालकों को एक पेड़ मां के नाम थीम पर पौधरोपण कर पेड़ के महत्व के बारे में बताया गया। साथ ही शाला की उपलब्धि जो गत वर्ष विद्यालय के विद्यार्थी खेल के क्षेत्र में शालेय राष्ट्रीय वेट लिफ्टिंग प्रतियोगिता में भाग लेकर रोशनी, अंजू, ट्विंकल, नेहा, निशा ने हमारे विद्यालय का प्रतिनिधित्व किया, विद्यालय एवं गांव का नाम रोशन हुआ। साथ ही छत्तीसगढ़ सरकार की योजनाओं, जिसमें निःशुल्क सरस्वती सायकल वितरण योजना, छात्रवृत्ति योजना, निशुल्क पाठ्य पुस्तक वितरण एवं विद्यालय में निरंतर आने से विद्यार्थियों में जो शारीरिक और मानसिक लाभ किस तरह मिलता है, उसकी जानकारी समस्त पालकों विद्यार्थियों के समक्ष रखें। कार्यक्रम में संस्था के प्राचार्य कोयल सिंह सबर द्वारा बच्चों को अनुशासन में रहकर नियमित विद्यालय आकर अपने लक्ष्य के प्रति ईमानदार रहकर सफलता के लिए प्रेरित किए। कार्यक्रम का संचालन रविशंकर पटेल ने किया। आभार प्रदर्शन मोहन सिंह दीवान ने किया। कार्यक्रम में गोकुल साहू, रामानंद चक्रधारी, सरपंच देवनारायण महोबिया, छेदूराम चक्रधारी, लोकेश पनुरिया, पुरुषोत्तम चक्रधारी, खेमलाल चक्रधारी, राजेंद्र चक्रधारी, जैना बाई निर्मलकर, चंद्रशेखर दीवान एवं संकुल समन्वयक मनोज चंद्राकर आदि मौजूद रहे।



### कैबिनेट मंत्री नेताम का हुआ नगर आगमन, कार्यकर्ताओं से की मुलाकात

**सरायपाली।** छत्तीसगढ़ के कैबिनेट मंत्री रामविचार नेताम का भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष सरला कोसरिया के निवास में आगमन हुआ। सरायपाली के भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने मंत्री से सौजन्य भेंट किया। जिसमें प्रमुख रूप से कार्यकारी जिला अध्यक्ष संजय शर्मा, जिला उपाध्यक्ष विपिन उपोवेजा, ओबीसी मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष राजेंद्र पटेल, भवानी शंकर चौधरी, जनपद अध्यक्ष कुमारी भास्कर, पुष्पलता चौहान, विजय प्रधान, सौमित्री साहू, प्रखर अग्रवाल, किशन जायसवाल, आशीष सेन, अनंतराम पटेल, नेपाल बिशी, दंडधर साव, तरुण गड़तीया, लक्ष्मीधर पटेल, तोषनाथ यादव, रमेश नायक, गायत्री यादव, जलंधर साहू, नकुल चौहान आदि भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे। उक्त जानकारी मीडिया प्रभारी विदित धनानिया ने दी।

# भदरसी पहुंचे विधायक, ग्रामीणों से की मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ⏭ बागबाहरा

खल्लारी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत

- मुआवजा के लिए विधायक ने सीएम को लिखा पत्र



ग्राम भदरसी में इन दिनों डायरिया के प्रकोप की लगातार खबरें आ रही है। जिस पर विधायक यादव विगत दिनों ग्रामीणों से मुलाकात करने के लिए ग्राम भदरसी पहुंचे। जहां उन्होंने ग्रामीणों से बातचीत की और उनका हाल-चाल जाना। साथ ही स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी कर्मचारियों को ग्रामीणों की उचित देखरेख के लिए निर्देशित भी किया। साथ ही महासमुंद कलेक्टर को पत्र लिखकर पानी का व्यापक जांच कराने, पीने योग्य पानी व पीडितों का इलाज हेतु समुचित निर्देशित करने कहा। वहीं इस मामले को लेकर विधायक यादव ने छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री को पत्र भी लिखा है। जिसमें उन्होंने डायरिया रोग से मृत व्यक्तियों के परिवारों को मुआवजा देने की मांग की है।

इस अवसर पर विधायक यादव के साथ-साथ शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह ठाकुर, गणेश शर्मा, छोटू बघेल, मंता यादव, तूफान दीवान, समीर खान सहित बड़ी संख्या में क्षेत्र के जनप्रतिनिधिगण उपस्थित रहे।



### निरीक्षण में सहायक संचालक पहुंचे किसडी स्कूल

**सरायपाली।** शासकीय विद्यालय किसड़ी में पढ़ाई के साथ-साथ अन्य व्यवसायिक, बौद्धिक, बागवानी के साथ ही प्रायोगिक व्यवहारिक शिक्षा पर भी जोर दिया जाता है। स्कूल परिसर में विभिन्न औषधीय, फल व फूलों के पेड़ लगाए गए हैं। इस स्कूल का निरीक्षण करने स्वयं एससीईआरटी के सहायक संचालक जेपी रथ अपने मातहतों के साथ शाला पहुंचे। शाला प्रबंधन व छात्र-छात्राओं द्वारा अधिकारियों का पारंपरिक रूप से स्वागत किया गया। अधिकारियों द्वारा सर्वप्रथम स्कूल भवन व बुनियादी आवश्यकताओं की जानकारी लेने के बाद बच्चों की क्लास ली। बच्चों से जानकारी हासिल की। स्कूल के बुक बैंक, पुस्तक वितरण, डेली डायरी, पाठकान, बालकान, लैब स्कूल का निरीक्षण किया। अधिकारियों को स्कूल परिसर में औषधि गार्डन का निरीक्षण किया गया, जहां विविध किस्म के पेड़-पौधे को देखा गया। परिसर में ही कुछ बुनकर छात्र भी हैं, जो स्वयं कपड़ा बुनकर माता-पिता के काम में सहयोग करते है व प्रतिदिन एक छात्र तीन सौ से पांच सौ रुपए की आमदनी प्राप्त कर लेते हैं। बुनकर का प्रशिक्षण इन छात्र-छात्राओं को व्यावसायिक शिक्षा के अंतर्गत प्रशिक्षण दिया जा रहा है। व्यवसायिक प्रशिक्षण के साथ साथ सभी बच्चे स्कूल में पढ़ाई भी करते हैं।

### मरार समाज की बैठक में अनेक प्रकरणों पर हुई चर्चा

**नर्रा।** कोसरिया मरार पटेल समाज नर्रा राज कार्यकारणी की बैठक ग्राम परसुली के समाजिक भवन में सोमवार को आयोजित की गई। सर्व प्रथम ईष्ट देवी मां भगवती शाकंभरी देवी की पूजा अर्चना एवं आरती की गई। पश्चात समाज पदाधिकारियों का चंदन वंदन से स्वागत किया। इसके बाद सभा को संचालित करने के लिए सभापति के रूप पदुमलाल पटेल को बनाया गया। वहीं सभापति के आदेशनुसार नर्राराज के ग्राम बनियातोरा, नर्रा, रामनगर परिहा इत्यादि के संबंधित प्रकरण के संदर्भ में चर्चा कर प्रकरण का निराकरण किया गया। इस दौरान अध्यक्ष पुरूषोत्तम पटेल, उपाध्यक्ष दुकालुराम पटेल, कोषाध्यक्ष परमेश्वर पटेल, कार्यकारी अध्यक्ष माखन लाल पटेल, युवाप्रकोष्ठ अध्यक्ष एवं मीडिया प्रभारी ललित पटेल, महासचिव नेतराम पटेल, सहसचिव अमरसिंह पटेल, सलाहकार लक्ष्मी नारायण पटेल, जगदीश पटेल गणेश पटेल, कृष्णचंद पटेल, जागेश्वर पटेल, रघुराम पटेल, कपूरचंद पटेल, दशरथ पटेल, देवनारायण पटेल, दयालु राम, चंद्रहास पटेल, सेवक राम, पूरन पटेल, बुधराम पटेल, संदेशवाहक अजित पटेल सहित समाज के लोग उपस्थित रहे।

# कांग्रेस कार्यकर्ता रमेश नियुक्त हुए विधायक प्रतिनिधि, जताया हर्ष



**सरायपाली।** विधायक चातुरी नंद ने ग्राम चनाट निवासी वरिष्ठ कांग्रेस कार्यकर्ता रमेश पटेल को जनपद पंचायत बसना के लिए अपना प्रतिनिधि नियुक्त किया है। रथ यात्रा कार्यक्रम के दौरान ग्राम चनाट पहुंची विधायक नंद ने उन्हें ग्रामीणों के सामने उन्हें, नियुक्ति पत्र सौंपा। विधायक प्रतिनिधि रमेश पटेल ने विधायक चातुरी नंद का आभार जताते हुए कहा कि मुझ जैसे अंतिम छोर के कार्यकर्ता को बड़ी जिम्मेदारी दी है, जिसके लिए विधायक और कांग्रेस पार्टी का धन्यवाद। आपने जिस उम्मीद और विश्वास के साथ मुझे जिम्मेदारी है उसमें खरा उतरने का पूरा प्रयास मैं करूंगा। ज्ञात हो कि विधानसभा चुनाव के दौरान विधायक चातुरी नंद ने चनाट क्षेत्र से एकतरफा बढ़त ली थी। जिसके बाद उनका इस क्षेत्र से विशेष लगाव है। रमेश पटेल को विधायक प्रतिनिधि नियुक्त होने से क्षेत्र के कांग्रेस कार्यकर्ता पद्मलोचन पटेल, विद्या सिदार, टीकाराम पटेल, भारत पटेल, मोहन पटेल, जय कुमार पटेल, उदल पटेल, लव पटेल, अजय पटेल, कुंजन पटेल, देवेश पुरषोत्तम पटेल, कमलदेव पटेल, संतलाल पटेल, नरेंद्र पटेल, डोलामड़ी, जयबन, मनीष, भागीरथी, प्रकाश समेत अंचल के कांग्रेस कार्यकर्ताओं में हर्ष व्याप्त है।

### खाद, बीज एवं कीटनाशक विक्रेताओं से 24 तक आवेदन आमंत्रित

**महासमुंद।** परियोजना संचालक आत्मा एवं कृषि विभाग महासमुंद ने डिप्लोमा इन एग्रीकल्चर एक्सटेंशन सर्विस फॉर इनपुट डीलर्स (डीएईएसआई) कार्यक्रम अंतर्गत पांचवां बैच प्रारंभ करने के लिए जिले के इच्छुक खाद, बीज एवं कीटनाशक विक्रेताओं अथवा इस व्यवसाय में इच्छुक व्यक्तियों से निर्धारित प्रारूप में आवेदन आमंत्रित किए हैं। उप संचालक कृषि एफ. आर. कश्यप ने बताया कि आवेदन पत्र विकासखंड एवं जिला स्तर पर कृषि विभाग से प्राप्त किए जा सकते हैं। आवेदक 24 जुलाई 2024 तक कार्यालयीन समय में आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। कार्यक्रम में बैच के लिए 40 सीटें निर्धारित हैं। इस कार्यक्रम के लिए गत वर्ष के शेष आवेदनों पर विचार/चयन करने के पश्चात ही आवेदकों का इस वर्ष के लिए चयन किया जाएगा। डीएईएसआई के पांचवें बैच के संचालन के लिए जिले के अनुभवी/सेवानिवृत्त व्यक्ति फैसिलिटेटर के कार्य हेतु, जिसके लिए कृषि संकाय की न्यूनतम निर्धारित शैक्षणिक योग्यता बीएससी कृषि, एमएससी कृषि, पीएचडी कृषि उद्यानिकी मत्स्य एवं पशुपालन एवं कृषि से संबंधित अन्य होनी चाहिए, गैर कृषि संकाय की डिग्री पर विचार नहीं किया जाएगा।

## रोहिना में धूमधाम से निकाली गई जगन्नाथ की रथयात्रा



**सरायपाली।** ग्राम रोहिना में रथयात्रा का पर्व बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। रथ यात्रा मुख्य बस्ती से डीपापारा तक निकाली गई। भगवान बलभद्र, जगन्नाथ एवं बहन सुभद्रा के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। दुतिया रथ में बच्चों को रथ छुआने की परंपरा है। जिसके कारण माताएं अपने बच्चों के साथ नई पोशाक पहन कर पहुंचे। दर्शकों के मनोरंजन के लिए बाहक (संचार) लोक नृत्य का आयोजन रखा गया था। ग्राम रोहिना एक प्राचीन एवं ऐतिहासिक ग्राम है, जहां प्राचीन काल से रथ यात्रा का आयोजन होता आ रहा है। इस यात्रा में आसपास के ग्रामीण बड़ी संख्या में भाग लेते हैं। रथ यात्रा को लेकर क्षेत्र के लोगों में काफी उत्साह रहा। भगवान जगन्नाथ से क्षेत्र के लोगों की सुख समृद्धि की कामना की गई।

# जयपुर में भव्या फाउंडेशन के अंतराष्ट्रीय मैत्री सम्मेलन प्रतिभा सम्मान में सम्मानित हुए विश्वनाथ पाणिग्राही

हरिभूमि न्यूज ⏭ बागबाहरा



राजस्थान के जयपुर की भव्या फाउंडेशन द्वारा अंतरराष्ट्रीय मैत्री सम्मेलन एवं प्रतिभा सम्मान 2024 का आयोजन पिंक सिटी जयपुर में किया गया। जिसमें पर्यावरण स्वच्छता समाजसेवा के लिए डॉ विश्वनाथ पाणिग्राही को अंतरराष्ट्रीय मैत्री सम्मान 2024 प्रदान किया गया है। गौरतलब है कि इस वर्ष भव्या फाउंडेशन द्वारा विशेषकर निःशक्तजन, कैंसर पीड़ित, आतिज्म वारियर्स, बाल बसेरा के सम्मान में विशेष रूप से यह कार्यक्रम समर्पित था। जिसमें साहित्य, पत्रकारिता, समाज सेवा, पर्यावरण, शिक्षा, कला, ज्योतिष, कृषि, उद्यम, फिल्म, फैशन आदि अन्य क्षेत्रों में 15 देशों से आए 200 विशेष उपलब्धि प्राप्त लोगों को सम्मानित किया गया। जिसमें डॉ विश्वनाथ पाणिग्राही को स्वच्छता, पर्यावरण समाजसेवा के क्षेत्र में सम्मानित किया। डॉ पाणिग्राही ने ऑनलाइन जुड़कर यह सम्मान स्वीकार किया। आज पोस्ट द्वारा भव्य मोमेंटो, सम्मान पत्र, मेडल राजस्थानी पगड़ी आदि अन्य प्राप्त हुआ। इस सम्मान के लिए डॉ पाणिग्राही ने भव्या फाउंडेशन के संस्थापक शैलेंद्र माथुर एवं निर्देशक डॉ निशा माथुर तथा भव्या फाउंडेशन का हृदय से आभार व्यक्त किया।

## पेज 9 के शेष...

### भवन नहीं...

आवास, पुल- पुलिया का निर्माण असानी से हो जाता है फिर स्कूल भवन निर्माण करने मे क्या परेशानी आ रही है यह समझ से परे है। पहाड़ी के ऊपर बसे ग्राम कुर्वापानी, भालूडिग्गी, ताराझर यहा शासन द्वारा लगभग 15 से 20 वर्ष पहले प्राथमिक शिक्षा के लिए प्राथमिक शाला स्कूल तो खोला गया है लेकिन इन ग्रामो मे पढ़ाई करने वाले छात्र-छात्राओं के लिए भवन का निर्माण आज तक नहीं किया गया है।

ताराझर प्राथमिक शाला में 17 छात्र-छात्राएं अध्यनरत है और यहां स्कूल भवन का निर्माण किया गया था लेकिन हाथियों के दल ने स्कूल भवन को पूरी तरह से तोड़फोड़ दिया है जिसके कारण यहां के छात्र बेहद जर्जर हो चूके नाम मात्र के खडंहर में पढ़ाई कर रहे है जहां कभी भी गंभीर दुर्घटना घटने की अंदेशा बनी हुई है। यही स्थिति कुर्वापानी स्कूल का है जहां बच्चे एक ग्रामीण के अंगन झोपड़ी में पढ़ाई करते है सबसे ज्यादा बुरा स्थिति भालूडिग्गी की है यहां स्कूल भवन ही नहीं है घांसफुंस के झोपड़ी में दर्जनों छात्र -छात्राएं पढ़ाई करने मजबूर हो रहे है।

### तेज रफ्तार...

गाड़ी में चिंता राम देशमुख के साथ पुलिस बल भेजा। वहीं इससे पहले घटारानी समीति से चन्द्रहास खेमन ध्रव, टेमन देवांगन, रामकुमार यादव पहले पहुंचकर संजीवनी 108 को फोन किया। घटना स्थल घटारानी पहुंचे तब वहां सभी घायल इधर- उधर गिरे पड़े थे। सब दर्द से कहरार रहे थे। गंभीर घायल कुछ लोगों से बातचीत करने पर आपना नाम टोमन वर्मा, मनीष साहू, ओमप्रकाश ढीमर, होरीलाल धीवर, सोनू वर्मा, जितेन धीवर, भोज ध्रव, कोमल धीरव, पुनित धीवर, अजय साहू ग्राम चंदखूरी विकास खण्ड आरंग बताया। उन सबके हाथ, कमर, पैर, सिर, चेहरा में चोट आई है। उनके साथ आये लौगों ने बताया कि दो छोटा हाथी में मंगलवार को 4 बजे घटारानी घूमने आये थे। वहां से 5 बजे वापसी को अपने घर चंदखूरी को निकले थे। 3 किलोमीटर चली थी की एक गाड़ी में पुरूष और कुछ बालक बैठे थे। कि उक्त गाड़ी पेड़ से टकराते सड़क नीचे आई फिर जंगल की झाड़ियों में टकराई। जिससे टोमन वर्मा ,मनीष साहू, ओमप्रकाश ढीमर, होरीलाल धीवर, सोनू वर्मा, जितेन धीवर , भोज ध्रव, कोमल धीरव, पुनित धीवर, अजय साहू को गंभीर चोट आई है। गाड़ी ड्राईवर व मालिक टोमन वर्मा चंदखूरी है। सभी घायल को 108 से राजिम स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया है।

### महिला कोटवार...

नही। आखिर इस छोटे से मांग के प्रति प्रशासन ध्यान क्यों नही दे रही है यह समझ से परे है? पिछले दो दिनो से कोटवारो के हड़ताल में चले जाने पर प्रशासन और पुलिस के लोग खुद ही असहाय हो गए है। यदि इनका हड़ताल लंबा चला तो दोनो विभाग का काम बुरी तरह से प्रभावित होगा। वहीं गांव में किसी भी प्रकार से कोई भी विभाग का शिविर या कार्यक्रम होता है तो इसमें मुनादी भी कोटवार के भरोसे ही होता है। मतलब प्रशासन का अभिन्न अंग कोटवार ही है। हड़ताल में बैठने वाले कोटवारो में संघ के अध्यक्ष हुलास साहू, राजेंद्र नगारची, अनिल टांडिया, उत्तम बंजारे, गोकुल नगारची, सुनील नगारची, लक्ष्मीबाई देवदास, उर्वशी मानिकपुरी, शशी माहेश्वरी, राजेश वर्मा, जगतारण मानिकपुरी, रमेश टंडन, अमित नगारची, भगवान साहनी, रोहित मरकाम सहित संघ के सभी कोटवार मौजूद थे।

### राजिम महानदी पुल...

क्या ये टप्पर सहन कर पाएंगे? साफ जाहिर है कि इतने वृहद पुल के रखरखाव के प्रति विभागीय अफसरो की उदासीनता साफ झलकती है। बारिशकाल तक में पुल की साफ-सफाई नही की जाती। पानी जमा रहता है। इससे पुल लगातार क्षतिग्रस्त होते चला जा रहा है। बताना उचित होगा कि अखबार की सुर्खियां बनने के बाद ही विभागीय अफसर साल में एकाद बार पुल की सफाई कराते जरूर है मगर जैसा होना चाहिए वैसा होता नही। इस संबंध में संबंधित विभाग के अफसरों को फोन लगाने पर वे रिसीव्ह नहीं करते।

## खबर संक्षेप



### देवपुरी के शिव मंदिर में पूजा के बाद किया पौधारोपण

**रायपुर।** वर्धमान नगर विकास समिति और आमा तालाब विकास एवं संरक्षण समिति, देवपुरी के संयुक्त तत्वाधान में देवपुरी में पौधा रोपण किया गया। रथयात्रा के मौके पर कालोनी के उद्यान स्थित शिव मंदिर में पूजा अर्चना की गई। इसके बाद समिति से जुड़े लोगों ने गणमान्य नागरिकों के साथ रूद्राक्ष, लाल चंदन, पारिजात, कचनार सहित विविध प्रजाति के 111 पौधों का रोपण किया। इसके साथ ही पौधों सुरक्षा की दृष्टि से ट्री गार्ड लगाया गया। पौधारोपण के कार्यक्रम में पर्यावरण प्रेमी हिरेंद्र देवांगन, एनआर नायडू, केके सिंह, पीके साहू, पीएल नायक, आईपी खटीक, हरदीप कौर, ऋषि बारले, चंपा देवांगन, विवेक वर्धन, आरएन शर्मा, उदय पाल जादौन, जिया उल हक, नीरज तिवारी, संदीप राठी,राम पटले सहित वार्ड के गणमान्य नागरिक शामिल हुए।

### शिवसेना ने जलाया गो तस्करों का पुतला



**रायपुर।** शिवसेना (शिंदे गुट) रायपुर जिला इकाई द्वारा लगातार बढ़ रही गो तस्करी के विरोध में अभनपुर बस स्टैंड में गो तस्करों का पुतला दहन किया गया। इस मौके पर जिलाध्यक्ष नरेंद्र प्रजापति ने बताया कि प्रदेश में लगातार गो तस्करी बढ़ रही है और ये गो तस्कर सोशल मीडिया में भी सक्रिय हैं। प्रदेश में सक्रिय गो तस्करों का पुतला जलाकर उन्हे समझाइश दी गई कि तस्करी छोड़ दो। पुतला दहन में मुख्य रूप से संजय सोनकर, किशन साहू, संजू साहू, सतीश निषाद, सोनू ठाकुर, राज फरिकार, भोला साहू, तुषार साहू, तरुण दौडेकर, मोनू निषाद, चांद यादव सहित बड़ी संख्या मे शिवसैनिक उपस्थित रहे।

### माचिस नहीं देने पर युवक को पीटा

**रायपुर।** टिकरापारा थाना में एक युवक ने एक अन्य युवक के खिलाफ माचिस देने के विवाद पर मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस के मुताबिक, संतोषी नगर निवासी दिलेश्वर ने अंकित भोसले के खिलाफ मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है। दिलेश्वर ने पुलिस को बताया कि रविवार को वह देर रात खाना खाने की बाद अपने घर के पास टहल रहा था। इसी दौरान अंकित ने उससे सिगरेट पीने माचिस मांगी। माचिस नहीं होने की बात कहने पर अंकित ने दिवेश्वर के साथ मारपीट की।

### गाय को ठोकर मारने के विवाद में मारपीट कार में तोड़फोड़

**रायपुर।** आजाद चौक थाना क्षेत्र में रविवार देर रात एक तेज रफ्तार कार की टक्कर से सड़क पर बैठी गाय के घायल होने के बाद आक्रोशित लोगों ने कार चालक का कोतवाली थाने तक पीछा किया। इससे घबराए कार चालक ने कोतवाली में सरेंडर कर अपने आपको बचाया।

## निधन

### पुरुषोत्तम साहू

**कोपरा।** राजिम निवासी पुरुषोत्तम साहू 43 वर्ष का मंगलवार को आकस्मिक निधन हो गया। उनका



अंतिम संस्कार नगर के मुक्ति धाम में किया गया। उसके अंतिम संस्कार में परिजन सहित नगरवासी शामिल हुए। वे मुनित राम साहू के बेटे, मोतीलाल साहू, पवन साहू के भतीजा व प्रतिनिधि किरण कुमार साहू, प्रकाश साहू, राकेश साहू के बड़े भाई तथा देवमणी साहू के पिता थे।

# अंचल में माता पहुंचानी का पर्व धूमधाम के साथ मनाया गया, हजारों श्रद्धालु हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

आदिवासी मैनपुर क्षेत्र में प्रमुख त्यौहार माता पहुंचानी मंगलवार को बड़े ही धूमधाम हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। माता पहुंचानी पर्व की पिछले एक सप्ताह से लोगों के द्वारा तैयारियां किया जा रहा था आज सुबह से ही क्षेत्रभर के शीतला माता के मंदिरो में विशेष पूजा अर्चना जसगीत के साथ हजारों श्रध्दालु पहुंचकर माता से अपने परिवार व क्षेत्र के सुख- शांति, समृद्धि व खुशहाली के लिए प्रार्थना कि। शीतला मंदिरों मे देवी- देवताओं की सवारी निकाली गई और माता के जयकारों से पूरा क्षेत्र गूंज उठा। तहसील मुख्यालय मैनपुर सहित क्षेत्र के ग्राम हरदीभाठा, भाठीगढ़, नाहनबिरी, गोपालपुर, जिड़ार, बरदूला, बोईरगांव शोभा, कुल्हाड़ीघाट, गौरघाट धवलपुर,सहित कई गांवों के शीतला मंदिरो में आज मंगलवार को माता पहुंचानी का पर्व माता शीतला के आशीर्वाद व श्रद्धालुओं के मनोकामनाओं के साथ मनाया गया। यह माता पहुचांनी पर्व आशाढ़ शुक्ल पक्ष के पावन अवसर पर मनाया जाता है जहां क्षेत्र की सुख शांति के लिए क्षेत्रीय लोग बड़ चढ़ कर इस कार्यक्रम मे भाग लेते है और माता शीतला की वि"ोश पूजा अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त करते है। लोगो की मान्यता है कि जो भी श्रध्दालु भक्त सच्चे मन से अपनी मनोकामना लेकर आते है जिनकी सारी मनोकामना आदि शक्ति मां शीतला अवश्य ही पूरी करती है।

## क्षेत्र के सुख- शांति, समृद्धि व खुशहाली के लिए की गई प्रार्थना

### निकाली गई शोभा यात्रा

क्षेत्र के प्रमख देव स्थल पैरी उद्गम भाठीगढ़ में सभी धार्मिक पर्व का एक अलग महत्व है इसे क्षेत्र के प्रमुख देव स्थल के रूप मे माना जाता है यहां आज माता पहुंचानी का पर्व पूरे रीति रिवाज के साथ मनाया गया। सुबह 10 बजे ग्राम के झांकर पुजारी शीतला मंदिर मे मां शीतला और देवी देवताओं की पूजा अर्चना कर शोभा यात्रा निकाली गई। देवी- देवताओं की शोभा यात्रा पूरे गांव का भ्रमण किया। इस मौके पर प्रमुख रूप से हेमसिंह नेगी, नकछेड़ा राम धुरर्वा, आशाराम यादव, हरिशचंद्र नेगी, माखन दास वैष्णव, खेदू नेगी, नाथु राम ध्रुर्वा, तुलसी नागेश, जिलेन्द्र नेगी,ई"वर नागेश सहित पूरे ग्रामवासी सैकड़ो की संख्या मे उपस्थित थे।



## बैठक : गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में किया जायेगा शामिल

# जिले की नवविवाहित व गर्भवती महिलाएं 85 हजार पौधों का आज करेंगी रोपण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

कलेक्टर दीपक कुमार अग्रवाल ने मंगलवार को संयुक्त जिला कार्यालय क़े सभाकक्ष में आयोजित समय-सीमा क़ी बैठक लेकर विभागीय कार्यों क़ी समीक्षा क़ी। इस दौरान उन्होंने कल जिले के सभी विकासखंडों में होने वाले वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम के आयोजन के संबंध में जानकारी ली। इस पर अधिकारियों ने बताया कि जिले में 10 जुलाई को विकासखंड गरियाबंद के ग्राम मालगांव, छुरा के ग्राम रानीपरतेवा, फिंगेश्वर के ग्राम श्यामनगर, मैनपुर के ग्राम जाड़ापदर एवं देवभोग विकासखंड के ग्राम मुड़ागांव में मनरेगा के माध्यम से उद्यानिकी विभाग द्वारा 7 हजार 500 पौधों का रोपण किया जायेगा। इसके अलावा जिले के सभी आंगनबाड़ियों में 12 जुलाई को पौधारोपण किया जायेगा। इसी तरह कृषि विभाग द्वारा विकासखंड गरियाबंद एवं देवभोग के विभिन्न गांवों कुल 28 हेक्टेयर से अधिक रकबा पर 3 हजार 365 पौधे, वन विभाग द्वारा 37 हजार 700 पौधे एवं शिक्षा विभाग द्वारा 12 हजार 470 पौधरोपण किया जायेगा। इस प्रकार लगभग डेढ़ लाख पौधों का रोपण किया जायेगा। कलेक्टर ने कहा कि वृहद वृक्षारोपण अभियान के तहत स्थलवार जिन अधिकारी- कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है, वे समय पर कार्यक्रम स्थल पर उपस्थित रहे। इसी प्रकार महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा जिला प्रशासन के अभिनव पहल पर पोषण निवेश कार्यक्रम के तहत 17 हजार नवविवाहित, गर्भवती, शिशुवती द्वारा पांच - पांच फलदार पौधे का रोपण एवं संरक्षण अभियान के तहत अपने-अपने बाड़ियों पर लगभग 85 हजार पौधरापेण किया जायेगा, जिसे गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में शामिल किया जायेगा। जिला कार्यक्रम अधिकारी ने बताया कि ग्राम पारागांव में कल हितग्राहियों के घरों में फलदार पौधों का रोपण किया जायेगा। कलेक्टर ने अधिकारियों से कहा कि पीएम जनमन योजना के तहत छुटे हुए हितग्राहियों का शत प्रतिशत आयुष्मान कार्ड, आधार कार्ड, किसान क्रेडिट कार्ड, जाति प्रमाण पत्र, पीएम विश्वकर्मा, पीएम आवास, उज्जवला गैस कनेक्शन, किसान सम्मान निधि सहित अन्य योजनाओं से लाभान्वित करें। विशेष पिछड़ी जनजाति वर्ग के हितग्राहियों को शिविर के माध्यम से किसी भी योजनाओं से लाभान्वित किया जा रहा है, ऐसे हितग्राहियों के सफलता की कहानी बनाए एवं गूगलशीट पर भी अपलोड करें।

### आधार अपडेशन शत प्रतिशत करने के निर्देश




कलेक्टर अग्रवाल ने किसानों के खेती-किसानी के लिए किसानों द्वारा समिति के माध्यम से उठाये गए खाद-बीज के उठाव एवं भण्डार के संबंध में जानकारी ली। साथ ही प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, ई-केवाईसी, लैंड सिडिंग, आधार अपडेशन शत प्रतिशत करने के निर्देश दिये। ई-श्रम पोर्टल में दर्ज श्रमिकों के राशनकार्ड बनाने एवं सम्पूर्णता अभियान के तहत गरियाबंद एवं मैनपुर तथा नगरीय क्षेत्रों के वार्डो के परिसीमन, नारी शक्ति से जल शक्ति अभियान, उल्लास अभियान, राजस्व प्रकरण, गौरव गरियाबंद अभियान, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका की नियुक्ति, अनुकम्पा नियुक्ति, अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित अधिकारी - कर्मचारियों पर कार्यवाही के विस्तारपूर्वक समीक्षा की। उन्होंने सभी एसडीएम को निर्देशित किया है कि शासकीय कार्य के लिए कोटवारों को दी गई कोटवारी सेवा भूमि को उनके द्वारा विक्रय की गई है, तो उन्हें शासकीय भूमि में दर्ज करें। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ रीता यादव, अपर कलेक्टर अरविन्द पाण्डेय, संयुक्त कलेक्टर राकेश गोलछा, नवीन भगत, पंकज डाहिरे, सहित जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद थे।

### घुमंतू मवेशियों की करें व्यवस्था

कलेक्टर ने समय-सीमा की बैठक में मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को निर्देशित किया कि राहगीरों को सड़क मार्ग से सुविधाजनक आवाजाही हो इसे ध्यान में रखते हुए सड़क अथवा सड़क के आसपास में बैठे घुमंतू मवेशियों को गौ-शाला अथवा कांजी हाउस में रखने की व्यवस्था सुनिश्चित करें। जिससे सड़क पर होने वाले अनावश्यक जनहानि से लोगों को बचाया जा सके। उन्होंने जिले के आश्रम छात्रावास, स्कूल, चिकित्सालय, ऑगनबाड़ी केन्द्रों, प्रधानमंत्री आवास एवं अन्य संस्थाओं के निरीक्षण के लिए बनाए गये नोडल अधिकारियों को प्रतिमाह फीडबैक जिला कार्यालय में देने के निर्देश दिये।

# पुराने हास्टल की जगह नए अस्पताल भवन के पहुंच मार्ग में कई अड़चन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

आंबेडकर अस्पताल की क्षमता बढ़ाने पुराने हास्टल की जगह बनाए जाने वाले नए भवन तक के पहुंच मार्ग में कई तरह की अड़चन है। भवन निर्माण के पहले इसे दूर करने की हिदायत दी गई है। साथ ही मुख्य मार्ग तक कनेक्टिविटी के लिए वैक्लपिक रास्ते की तलाश करने कहा गया है। आंबेडकर अस्पताल की क्षमता और संसाधन बढ़ाने के लिए मेडिकल कालेज के पुराने हास्टल स्थल को चयनित किया गया है। सूत्रों के अनुसार भवन निर्माण के लिए हास्टल की जगह तो पर्याप्त है मगर मुख्य सड़क से वहां तक आवाजाही वाले मार्ग में कई तरह की समस्याएं हैं। मरचुरी के सामने से प्रस्तावित स्थल तक पहुंचना काफी दिक्कत बड़ा हैं क्योंकि कई मोड़ वाला यह मार्ग बेहद संकरा है, जिससे एंबुलेंस सहित अन्य वाहनों की आवाजाही में परेशानी हो सकती है। इसके अलावा मार्ग का उपयोग आडोटोरियम, पीजी गर्ल्स और यूजी ब्वायज हास्टल तक आवाजाही के लिए किया जाता है। भवन निर्माण के बाद वहां बढ़ने वाले मरीज और उनके परिजनों की भीड़ परेशानी का कारण बन सकती है, इसलिए भवन निर्माण शुरू करने से पहले नए अस्पताल भवन और मुख्य मार्ग तक पहुंचने के लिए वैकल्पिक रास्ता निकालने पर जोर दिया गया है।

### यूजर चार्ज में संशोधन

# डूमरतराई थोक बाजार की दुकानों को फ्री होल्ड करने की मांग



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ चैंबर आफ कामर्स के प्रतिनिधिमंडल ने सोमवार को नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव से मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने यूजर चार्ज में व्यावहारिक संशोधन, थोक बाजार डूमरतराई में निर्मित दुकानों को फ्री होल्ड करने, प्रदेश के पारंपरिक बाजारों को स्मार्ट बाजार में विकसित करने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा। डूमतराई थोक बाजार में निर्मित दुकानों को फ्री होल्ड करने और प्रदेश पारंपरिक बाजारों को स्मार्ट बाजार में विकसित करने की मांग को छत्तीसगढ़ चैंबर आफ कामर्स एंड इंडस्ट्रीज के पदाधिकारियों ने की है। प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी के नेतृत्व में कार्यकारी अध्यक्ष विक्रम सिंहदेव सहित चैंबर के प्रतिनिधिमंडल ने उपमुख्यमंत्री अरुण साव से मुलाकात कर यूजर चार्ज में व्यावहारिक संशोधन, थोक बाजार डूमरतराई के अंतर्गत दुकानों को फ्री होल्ड करने ज्ञापन सौंपा। इस पर विभागीय मंत्री अरुण साव ने सकारात्मक प्रतिक्रिया देते हुए त्वरित कार्यवाही करने संबंधित

- चैंबर प्रतिनिधिमंडल ने नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव को सौंपा ज्ञापन

## कन्या शाला में शाला प्रवेश उत्सव...



**राजिम।** शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक शाला में मंडल अध्यक्ष उमेश यादव मुख्य अतिथि के रूप में शाला प्रवेश उत्सव कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होने छात्राओं को किताब, पेन, गणवेश एवं साइकिल वितरण किया और कहा कि खूब मेहनत करो आगे बढ़ो और अपने लक्ष्य को प्राप्त करो। कार्यक्रम में मंडल महामंत्री नवल साहू, पार्षद बाबी चांवला, रेशम हुंदल, हितेश मंडाई, धीरज साहू, अन्नपूर्णा देवांगन शामिल थे।

## अधिकार अभिलेख के प्रारूप में बदलाव की तैयारी

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में राज्य सरकार ने अधिकार अभिलेख के प्रारूप में बदलाव की तैयारी कर ली है। इस संबंध में राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग ने प्रस्तावित प्रारूप का प्रकाशन राजपत्र में कराया है। इके साथ ही प्रारूप पर आपत्ति या सुझाव आमंत्रित किए गए हैं। इस पर दस दिनों बाद विचार किया जाएगा।राजस्व विभाग के मुताबिक जब जमीनों का सर्वे किया जाता है तो उसका एक रिकार्ड तैयार किया जाता है। यह रिकार्ड कुछ बिंदुओं पर आधारित होता है। अधिकार अभिलेख पहले से बना हुआ है लेकिन अब राज्य सरकार इसके प्रारूप में संशोधन करने जा रही है। राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग का मानना है कि इस संशोधन से लोगों के प्रभावित होने की संभावना है। इसलिए राजपत्र में इसका प्रकाशन करके आपत्ति एवं सुझाव लिए जा रहे हैं। सूचना के प्रकाशन के दस दिनों पर इस पर विचार किया जाएगा।




# बिलासपुर में हवाई सुविधा बढ़ाने रायपुर में मार्च, सीएम को ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

बिलासपुर में हवाई सुविधा का विस्तार करने लंबे समय से लड़ाई लड़ रहे जन संघर्ष समिति के सदस्यों ने राजधानी के गांधी मैदान से सीएम हाउस तक रैली निकाली। उन्होंने एयरपोर्ट के लिए सीमांकन की वजह से अटके भूमि हस्तातंरण सहित तीन सूत्रीय मांग को लेकर मुख्यमंत्री निवास जाकर ज्ञापन सौंपा। जन संघर्ष समिति के बैनर तले बिलासपुर में हवाई सुविधा शुरू करने के लिए लंबे समय से स्थानीय लोग आंदोलन कर रहे हैं।

- गांधी मैदान से सीएम हाउस तक जन संघर्ष समिति ने निकाली रैली

### पांच साल से संघर्षरत

*समिति के सदस्य पिछले पांच साल से बिलासपुर में हवाई सेवा बढ़ाने के लिए अपनी लड़ाई लड़ रहे हैं। बिलासपुर राज्य का दूसरा सबसे प्रमुख शहर है मगर यहां हवाई सुविधा पर्याप्त नहीं है । बिलासपुर से छत्तीसगढ़ के 10 और मध्य प्रदेश के 3 जिले नजदीक है इसके बावजूद हवाई सुविधा में कमी है।*

### सौ से ज्यादा लोग पहुंचे

*हवाई सेवा के विकास के लिए बिलासपुर से करीब सौ लोग सड़क मार्ग से रायपुर पहुंचे। इनमें काफी संख्या में महिलाएं भी शामिल थी। गांधी मैदान में एकत्रित होने के बाद वे बैनर पोस्टर लेकर सीएम हाउस के लिए रवाना हुए। इनमें रामशरण यादव, शेख नजरुद्दीन, सुदीप श्रीवास्तव राजेंद्र शुक्ला, मनोज तिवारी, स्वर्ण शुक्ला, महेश दुबे सहित कई लोग शामिल थे।*

### मूणत ने व्यापारी संघ की नई कार्यकारिणी को दिलाई शपथ

**रायपुर।** रायपुरा महादेवघाट स्थित राम-जानकी मंदिर परिसर में रायपुरा व्यापारी संघ द्वारा आमसभा एवं नवनिर्वाचित कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं विधायक राजेश मूणत बतौर मुख्य अतिथि कार्यक्रम में शामिल हुए। इसी दौरान विधायक श्री मूणत ने रायपुरा व्यापारी संघ की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी को शपथ दिलाई। साथ व्यापारियों को हरसंभव सहायता का अश्वासन भी दिया। नवनिर्वाचित कार्यकारणी में अध्यक्ष नंदकुमार चक्रधारी, उपाध्यक्ष संजय सिंह व महेंद्र औसर, हेमलाल चक्रधारी, सोम चक्रधारी, मनोहर साहू, विनोद रात्रे, मुकेश साहू, सौरभ बख्शी, विनोद पांडे, वासु ठाकुर, रमेश साहू, गुलेश चक्रधारी, दिनेश छाबड़िया, जुगल राम चंद्राकर आदि हैं।

## सरपंच, सचिव व रोजगार सहायक को बर्खास्त करने की मांग की

# अनियमितता की शिकायत लेकर कलेक्ट्रेट पहुंचे ग्रामीण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

बिरीघाट में सरपंच सचिव के उदासीनता के चलते पंचायत ठप्प पड़े विकास, लापरवाही, अनियमितता से नाराज ग्रामीण कलेक्टर के पास जनदर्शन में पहुंचे। सरपंच सचिव को बर्खास्त करने की मांग किया। ग्रामीणों ने कहा कि जनपद में शिकायत की सुनवाई नहीं होती इसलिए जिला पहुंचे हैं। उप सरपंच कनेश्वर मांझी के नेतृत्व में मैनपुर ब्लॉक के बीरीघाट पंचायत के 30 ग्रामीण गरियाबंद कलेक्टर दीपक अग्रवाल के समक्ष पहुंच पंचायत में हो रही अनियमितता को गिना कर सरपंच प्रेमशिला नागेश, सचिव तुकाराम नायक व रोजगार सहायक ऋषिता वैष्णव को बर्खास्त करने की मांग किया गया। ग्रामीणों द्वारा दिए गए आवेदन में पंचायत भवन, सामुदायिक शौचालय, पीडीएस भवन, महिला सामुदायिक भवन जैसे कई महत्वपूर्ण निर्माण कार्य को अधूरा बताया गया। शिकायत में कहा गया की साल भर से पंचायत में कोई सभा नहीं हुआ, सारे सभा कागजों में दर्शाए जा रहे। किसी भी कार्य की जानकारी ग्रामीणों को नहीं दिया जाता, ग्राम पंचायत विकास मद के लाखो रुपए को कागजों में दर्शाया जाता है। शिकायत को गम्भीरता से लेते हुए गरियाबंद कलेक्टर दीपक अग्रवाल ने जिला पंचायत को जांच के निर्देश दे दिया है।



**एप्पल बेर नर्सरी का बेचा 40 नग प्लेट-** ग्रामीणों ने आरोप लगाते हुए कहा की एप्पल बेर के नाम से पूर्व में लाखों का घोटाला जिस नर्सरी में किया गया था, अब वहां लगे सोलर पम्प के 40 नग प्लेट को पंचायत ने बेच दिया। गौठान में बोर कराए बगैर बोर का राशि आहरण हुआ है। भारी गड़बड़ी करने वाले जिम्मेदार जवाब देने के डर से कभी एक स्थाई जगह पर नही बैठते, इससे जन्म मृत्यु पंजीयन कराने व जाती निवास प्रमाण पत्र बनाने वालो को चक्कर लगाना पड़ता है। ग्रामीणों के साथ पहुंचे एक पिड़ित ग्रामीण ने कलेक्टर को एक पृथक आवेदन दिया,जिसमे पीड़ित पिता ने बताया की 14साल के दिव्यांग बेटी गिरुमती यादव को दो साल से पंचायत पेंशन देना बंद कर दिया है,पिता ने कहा की राशि नियमित आहरण भी हो रहा है।पंचायत सचिव को कहने पर ,पेंशन की रकम अपने पास सुरक्षित होना बता,भुगतान के लिए हमेशा तारीख पर तारीख दिया जाता है। साल भर से बगैर पगार के काम कर रहे भृत्य राजेंद्र यादव ने भी भुगतान कराने का गुहार लगाया है। ग्राम पंचायत की मॉनिटरिंग के लिए जनपद पंचायत की जवाबदारी होती है।पर इस संस्था में लिखित मौखिक शिकायत कर त्रस्त हो चुके ग्रामीण न्याय की आश लेकर सीधे कलेक्टर के पास पहुच गए ।वजह पूछने पर ग्रामीणों ने बताया कि 10 साल पहले जिले का सबसे बड़ा एप्पल बेर घोटाला अफसरों ने पंचायत के कंधे का इस्तेमाल कर इसी पंचायत में किया।दौरे पर आए अफसरों को बार बार समस्या से अवगत कराने के बावजुद नही सुनते थे। मामले में पंचायत सचिव तुकाराम नायक ने कहा की मैंने कोई भ्रष्टाचार या गबन नहीं किया। ज्यादातर अधूरे कार्य मेरे कार्यकाल का नहीं, बैठकपंजी में उल्लेख है सभा व बैठक का, मेरे पर लगाए सभी आरोप निराधार है।

### कांग्रेस में कार्यकर्ताओं की इज्जत नहीं, कभी स्लीपर सेल तो कभी सत्ता भोगी कहा जा रहा

**रायपुर।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव ने कहा, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज से अब पार्टी संगठन संभाले नहीं संभल रहा है और इसी बौखलाहट में अब वे भी पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की भाषा बोलकर अपने कार्यकर्ताओं को सत्ता भोगी और न जाने क्या-क्या कहकर अपनी हताशा जगजाहिर कर रहे हैं। श्री श्रीवास्तव ने कहा, कार्यकर्ता किसी भी संगठन की रीढ़ होते हैं, लेकिन कांग्रेस में कदम-कदम पर अपने ही कार्यकर्ताओं को अपमानित करने मानो होड़ लगी हुई है। छत्तीसगढ़ में इसीलिए कांग्रेस रसातल में जा पहुंची है और कांग्रेस के नेता फिर भी जुबानी तौर पर बेलगाम होते जा रहे हैं।


## खबर संक्षेप



### सुरंगपानी में धूमधाम से मना रथयात्रा का पर्व

**रसेला।** रथयात्रा का पर्व ग्रामीण अंचल में बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। वहीं रसेला वनांचल के ग्राम सुरंगपानी जो ओड़िशा राज्य की सीमा से लगा हुआ एक छोटा सा गांव है और प्रदेश का अंतिम छोर पर स्थित है। जहां एक छोटे से गांव में यह पर्व बड़े ही धूमधाम से मनाया जाता है। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ सहित उड़ीसा की भी किर्तन मंडलियां पहुंचती है जहां ग्राम वासियों के द्वारा उनका भव्य स्वागत किया गया। वहीं गांव में मेले का आयोजन भी होता है और अपने गांव के रिति-रिवाज के अनुसार पूजा अर्चना कर रथयात्रा की शुरुआत की जाती है जिसे देखने के लिए हजारों की संख्या में छत्तीसगढ़ सहित उड़ीसा राज्य से लोग पहुंचते हैं और यहां की भव्यता देखते ही बनती है। यहां इस पर्व को प्राचीन समय से मनाते आ रहे हैं और इस अवसर क्षेत्र से हजारों की संख्या में देखने के लिए लोग पहुंचते हैं।यह गांव उड़ीसा राज्य से महज एक किलोमीटर दूर पर बसा हुआ है जिसके चलते यहां दोनों ही राज्यों से लोग देखने पहुंचते हैं और यह पर्व का शुभारंभ दोपहर में शुरू होता है जो देर रात तक समापन होता है।

### आऊटर में शराबखोरी डिस्पोजल की भरमार



**राजिम।** राजिम पहुंचने वाले सभी मार्गों के आऊटर में जगह-जगह शराबखोरी हो रही है जिसके चलते कचरे के रूप में डिस्पोजल नजर आ रहे है। राजिम-गरियाबंद मार्ग पर प्रेम रतन पैलेस के आगे सड़क के दोनों तरफ पुल-पुलिया अड्डे बन जाते है। ठीक इसी तरह राजिम-छुरा मार्ग पर पथर्रा खाद गोदाम तो शराबियों के लिए एक निश्चित जगह बन गया है। रात में इस गोदाम में कोई रहता नहीं। सीमेंट का चबूतरा शराबियो का काम आता है। यहां पीये और सीसी बॉटल डिस्पोजल को फेंककर चले गए। इसी तरह कृषि ऊपज मंडी-कॉलेज के पीछे पथर्रा से लेकर फिंगेश्वर मार्ग तक बीच का एक किमी डिस्पोजल की भरमार से पटा रहता है। कमोवेश हर मार्ग पर शराबी अपना अड्डा बना लिए है। बात यदि देहात क्षेत्रो की करे तो हर गांव में अंडे के ठेले लगे होते है। यहां पर शराबी पहुंचते है। आसानी के साथ उन्हें शराब उपलब्ध हो जाता है। शाम होने के बाद गांव में सभ्रांत लोगों का निकलना मुश्किल भरा रहता है।

### पेयजल का क्लोरीनेशन और पाइप लाइन लीकेज की जांच करने के दिए निर्देश

**महासमुंद।** जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एस आलोक ने समय सीमा की बैठक लेकर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित की गई। सीईओ आलोक ने बरसात के मौसम को ध्यान में रखते हुए दूषित पानी से होने वाले डायरिया और संक्रमण की रोकथाम के लिए पीएचई विभाग को पेयजल का क्लोरीनेशन और पाइप लाइन लीकेज की जांच करने के निर्देश दिए। उन्होंने खाद्य विभाग को राशन दुकानों में खाद्य सामग्री का पर्याप्त स्टॉक रखने के निर्देश दिए। साथ ही राशन कार्ड निर्माण, नवीनीकरण और मृत व्यक्तियों के नाम हटाने के कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। आदिवासी छात्रावास और आश्रमों में सिकलसेल एनीमिया जांच के निर्देश स्वास्थ्य विभाग को दिए। जिले के दूरस्थ क्षेत्रों में शिविर लगाकर दिव्यांग प्रमाण पत्र बनाने संबंधित विभाग को कहा। उन्होंने सभी ग्राम पंचायतों में नए सार्वजनिक शौचालयों का उपयोग करने के निर्देश दिए। बैठक में अपर कलेक्टर रवि साहू ने अधिक से अधिक पात्र हितग्राहियों के श्रमिक पंजीयन कार्ड बनाने और योजनाओं का लाभ दिलाने को कहा। उन्होंने खाद और बीज उठाव की स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने ग्राम पंचायत स्तर पर शिविर लगाकर आयुष्मान कार्ड बनाने के निर्देश दिए।

---

मांग : देवरी से ग्राम टेका होते हुए सहसपुर तक 6 किमी सड़क निर्माण कराने की मांग

# मुख्यमंत्री साय से चंदूलाल ने राजिम में सर्वसुविधायुक्त बस स्टैंड की मांग की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजिम

महासमुंद के पूर्व सांसद चंदूलाल साहू ने सोमवार रात मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से उनके निवास में सौजन्य मुलाकात की। इस दौरान श्री साहू ने मुख्यमंत्री साय को ज्ञापन सौंपकर राजिम में एक सर्वसुविधायुक्त बस स्टैंड और ग्राम पंचायत देवरी से ग्राम टेका होते हुए ग्राम सहसपुर तक 6 किलोमीटर सड़क निर्माण कराने की मांग की। श्री साहू ने मुख्यमंत्री को बताया कि छत्तीसगढ़ का प्रयाग कहा जाने वाला राजिम आज विश्व प्रसिद्ध है, लेकिन राजिम में आज भी एक सर्वसुविधायुक्त बस स्टैंड का ना होना काफी खेदजनक है। विश्वप्रसिद्ध होने के चलते राजिम में साल भर देश के विभिन्न राज्यों के अलावा विश्व के अन्य देशों के पर्यटक, सैलानी,श्रद्धालु आते रहते हैं। जब ये लोग, बस से राजिम पहुंचते हैं तो उन्हें सड़क किनारे किसी भी स्थान पर उतार दिया जाता है। इसके अलावा पानी और एक अदद शौचालय के लिए भी उन्हें भटकना पड़ता है। यह देखकर उन पर्यटक, सैलानी व श्रद्धालुओं के मन में राजिम के प्रति नाम बड़े-दर्शन छोटे वाली कहावत चरितार्थ होती है, जिससे राजिम का एक तरह से अपमान होता है। श्री साहू ने आगे बताया कि ग्राम पंचायत देवरी से ग्राम टेका होते हुए ग्राम सहसपुर तक सड़क बन जाने से आसपास ग्राम के लोगों को राजिम और छुरा आने-जाने में समय और पैसे की बचत होने के साथ-साथ काफी सहूलियत होगी। यह संबंधित क्षेत्र के लोगों की काफी बहुप्रतीक्षित मांग है, जिसके लिए वे लगातार प्रयासरत रहे हैं, लेकिन यह मांग आज तक पूरी नहीं हो पाई है। लेकिन अब मुख्यमंत्री साय इसे जरूर पूरा करेंगे, ऐसा मेरा पूरा विश्वास है।



#### हायर सेकेंडरी स्कूल की मांग

गरियाबंद। महासमुंद लोकसभा क्षेत्र के पूर्व सांसद चंदूलाल साहू के नेतृत्व में अंचल के भाजपा कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से सौजन्य मुलाकात किया। इस दौरान ग्राम जेंजरा में हायर सेकेंडरी स्कूल की मांग तथा किसानों को अंतर की राशि देने मुख्यमंत्री से विशेष आग्रह किया। इस दौरान पूर्व सांसद चंदूलाल, डॉक्टर दिलीप साहू, पूर्व सरपंच जेंजरा, जालम साहू, परदेसी राम साहू, घनश्याम सिंह कंवर, भुवन लाल साहू, शत्रुघ्न लाल साहू, डॉक्टर अवध साहू, शंकर लाल साहू, गोवर्धन साहू, झंगू साहू, महेश साहू मौजूद रहे।

#### गौ-अभ्यारण्य बनने से पर्यटन की दृष्टि से होगा विकास

इसके अलावा श्री साहू ने मां घटारानी क्षेत्र के 500 एकड़ क्षेत्र में गौ-अभ्यारण्य बनाने की मांग करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री ने खुद प्रदेश में गौ-अभ्यारण्य बनाने की घोषणा की है, इसी कड़ी में मां घटारानी क्षेत्र के 500 एकड़ क्षेत्र में गौ-अभ्यारण्य बनाने से गौ-अभ्यारण्य तो बनेगा ही साथ ही साथ पर्यटन की दृष्टि से भी क्षेत्र का काफी विकास होगा। मुख्यमंत्री से मुलाकात के दौरान श्री साहू के साथ ग्राम जेंजरा के प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री से रेग में खेती करने वाले किसानों के हित में मांग करते हुए, धान बिक्री की अंतर राशि भू-स्वामियों की जगह रेग में खेती करने वाले किसानों को देने की मांग की, जिसे मुख्यमंत्री द्वारा न्यायोचित मानते हुए विचार करने का आश्वासन दिया गया। इसके साथ ही ग्राम जेंजरा के हाईस्कूल में अध्ययनरत लगभग 200 विद्यार्थियों के भविष्य की खातिर ग्राम जेंजरा में हायर सेकंडरी स्कूल खोलने की मांग की, जिस पर भी मुख्यमंत्री द्वारा आश्वस्त किया गया। जेंजरा के प्रतिनिधिमंडल में पूर्व सरपंच जालम साहू, घनश्याम कंवर, डॉ. दिलीप साहू आदि शामिल थे।

---

## बिजली कटौती और दरों में वृद्धि से लोग परेशानः साहू



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छुरा

प्रदेश में बिजली कटौती और बिल में बेतहाशा वृद्धि को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने ब्लाक कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में विकासखण्ड मुख्यालय छुरा के नगर पंचायत स्थित रंगमंच में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया। जिसमें बिजली में कटौती और बिल में बेतहाशा वृद्धि को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष भावसिंग साहू ने धरना स्थल पर आयोजित सभा को संबोधित करते हुए कि बिजली कटौती और दरों में वृद्धि से हर कोई परेशान है। लोगों को बिजली मिल नहीं रही, ज्यादा आ रहा है। बिल देखकर उपभोक्ताओं को झटका लग है। ब्लाक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष बालमुकुंद मिश्रा ने बिजली दरों में बढ़ोतरी का विरोध करते हुए कि अघोषित बिजली कटौती की जाए और इसका समाधान जल्द से जल्द निकाला जाय, जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष अशोक (मक्खू) दीक्षित ने कहा कि भाजपा सरकार की गलत नीतियों की वजह से राज्य में विद्युत आपूर्ति सरप्लस होने के बावजूद विद्युत दर में वृद्धि की गई है। प्रदेशभर में हर बार अघोषित विद्युत कटौती से आम जनता और किसान परेशान है। ऐसे में लोगों पर महंगाई की मार पड़ रहा है। आम जनता को राहत देने की मांगः कांग्रेस नेता नीलकंठ सिंह ठाकुर ने कहा कि विद्युत दर को वापस लिए जाने और प्रदेश में हो रही अघोषित विद्युत कटौती बंद करन की मांग की है। वहीं प्रदेश की आमजनता और किसानों को राहत देने की मांग की है। धरना स्थल पर प्रमुख रूप से वरिष्ठ कांग्रेस नेता अब्दुल समद खान, यशपेन्द्र शाह, देवसिंग रात्रे, रमेश शर्मा, पन्नालाल ध्रुव, शैलेन्द्र दिक्षित, अखिल चौबे, इस्माइल मेमन, चमन साहु, दिलिप बघेल, राजकुमारी सोनी, संदीप सोनी सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

---

## न्योता भोज में परोसी गई हलवा पूड़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छुरा



जनपद पंचायत छुरा के अध्यक्ष तोकेश्वरी मांझी के सुपुत्र सत्येंद्र मांझी द्वारा अपने जन्मदिन के अवसर पर प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला कोसमबुड़ा में न्योता भोज का आयोजन किया गया। बच्चों को हलवा, पूड़ी, चावल, दाल, आलू- चना का सब्जी सलाद परोसा गया। इस अवसर उपस्थित केएल मतवाले विकासखंड शिक्षा अधिकारी ने जनपद अध्यक्ष की पहल की प्रशंसा करते हुए कहा कि अपनी खुशियों में बच्चों को शामिल करने व जन समुदाय को विद्यालय से जोड़ने हेतु राज्य सरकार ने न्योता भोज योजना प्रारंभ किया है हमें हर शुभ अवसर पर अपने समीप के विद्यालय के बच्चों के लिए न्योता भोज आयोजित करना चाहिए। इस अवसर पर विकासखंड शिक्षा अधिकारी केएल मतावले, जनपद अध्यक्ष तोकेश्वरी मांझी, प्राचार्य ऋषिकुमार साहू, शिक्षक छगन लाल देवांगन, मनहरण लाल यादव, संजय कुमार वर्मा, संयोगिता तिवारी, टेप कुमार देवांगन, अध्यक्ष लछनू कुमार निषाद, उपाध्यक्ष बिजेन्द्र कुमार यादव, पंचायत सचिव कृषलाल सिन्हा, रानु कवंर, राधिक बाई, सेवती बाई, कुमारी बाई, शांति बाई, डालेश्वरी समाजसेवी शीतल ध्रुव, प्रकाश निर्मलकर, पुनितराम ठाकुर सहित सभी छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

---

## कंप्यूटर प्री टेस्ट परीक्षा में 31 परीक्षार्थी हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फिंगेश्वर



शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला परसदाकला स्कूल में कंप्यूटर विषय से संबधित परीक्षा के लिए ऑनलाइन परीक्षा आयोजित किया जाना है जिसको लेकर छात्रों का प्री टेस्ट मूल्यांकन किया गया। प्री टेस्ट में 31 छात्र–छात्राएं शामिल हुए।

एसपीऐलसिओडीई 0473 में 8 से 28 जुलाई तक आईसीटी योजना अन्तर्गत सत्र 2024–25 में कक्षा 6 वीं से 10वीं तक की कक्षाओं के विद्यार्थियों का आईसीटी लैब युक्त विद्यालयों में प्री टेस्ट आयोजन करने संबंधी राज्य परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा छत्तीसगढ़ संदर्भ बेनेट कोलमेन एंड कंपनी लिमिटेड मुंबई से आदेश प्राप्त हुआ था जिसमें कक्षा 6वीं से 10वीं तक के विद्यार्थीयो के पूर्व ज्ञान के आंकलन हेतु प्री टेस्ट लिया जाना है। इस परीक्षा में विद्यार्थियो को अंग्रेजी, हिंदी, गणित, सामाजिक विज्ञान, विज्ञान तथा कम्प्यूटर विषय से सम्बंधी 25 वस्तुनिष्ट प्रश्न आधारित ऑनलाइन परीक्षा दिलानी है। इसी तारतम्य में मिडिल स्कूल परसदाकला इएसपीऐल सिओडीई 0473 में कक्षा 6वी में 15 छात्र-छात्राएं 7वीं में 10 एवं कक्षा 8वीं में 16 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। ऑनलाइन परीक्षा में बच्चों का परिणाम उत्तम रहा। प्रधान पाठक लेख राम साहू द्वारा कहा गया की ऐसे ही परीक्षा आयोजित बीच-बीच में उच्च कार्यालय द्वारा कराई जानी चाहिए जिससे बच्चों की मूल्यांकन होता रहे। इस अवसर पर संस्था के युवन साहू, संगीता साहू, कल्याणी साहू, इंद्राणी साहू ने प्री आसिसमेन्ट की सराहना की। स्कूल के कंप्यूटर शिक्षक तेजेश यदु द्वारा ऑनलाइन एग्जाम करवाया गया जिसमें सभी का सहयोग रहा।

---

## पिपरौद में मनाया गया शाला प्रवेश उत्सव



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नवापारा-राजिम

प्राथमिक शाला विद्या मंदिर पिपरौद में शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जनपद सदस्य कमलनारायण साहू व विद्या मंदिर समिति के अध्यक्ष धीरज साहू , खेदप्रगट साहू, घसिया साहू, संजय यादव, खेमन साहू, लक्ष्मी साहू, उत्तरा साहू, हेमराज साहू, दीपक यादव, मानिकराम साहू, अंजू साहू, गोमती साहू, मेघराज साहू, मनोज साहू उपस्थित थे। मुख्य अतिथि द्वारा शिक्षा का महत्व बताया गया व बच्चों को रोज विद्यालय आने के लिए प्रेरित किया गया। नवप्रवेशी बच्चों का गुलाल लगाकर स्वागत किया गया। अतिथियों द्वारा बच्चों को मुँह मीठा कराया गया। बच्चों को गणवेश व पुस्तक वितरण अतिथियों द्वारा किया गया। शाला प्रवेश उत्सव पर न्यौता भोज विद्या मंदिर प्र.पा. हेमराज साहू एवं शिक्षक दीपक यादव की ओर से किया गया। जिसमें बच्चों को खीर, पूड़ी, मीठा खिलाया गया।

---

## बारिश नहीं होने पर बुआई कार्य प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फिंगेश्वर

आसमान से बारिश नहीं होने पर बुआई कार्य जहां प्रभावित हो रही है वहीं पर जिनके धान के पौधे बढ गये है उन्हे बिना पानी के खाद डालने के लिए परेशानी हो रही है। किसानों को अंचल में बारिश का इंतजार है। बारिश नहीं होने से उमस एवं गर्मी में इजाफा हो गया है। अंचल में 22 जून को अच्छी बारिश होने पर किसानों का बोनी कार्य प्रारंभ हुआ था लेकिन बहुत से किसान पिछड़ गये थे वे अभी भी बोनी कार्य कर रहे हैं। बोनी कार्य को लेकर किसान युद्ध स्तर पर लगे हुए हैं। जिन किसानों ने पहले से बोनी कार्य किया है उनके धान के पौधे निकल गये है और बारिश के पानी के बिना पीले नजर आने लगे हैं। पौधे को सम्हलने के लिए बारिश के पानी का ही आस है। किसानों ने बताया कि आसमान मे ऐसे घटा छाई रहती है जैसे जमकर बारिश होगी लेकिन हवा के झोंको से घटाएं बूंदाबादी करके आसमान से दूसरी ओर चली जा रही है। घटाओ के आख मिचौली से किसानों की दिल की धड़कन बढ़ी हुई है सभी को बारिश का इंतजार है। बारिश नहीं होने से गर्मी एवं उमस मे बढ़ोतरी हुई है जिससे नागरिक भी हलाकान है। जो कूलर एवं पंखे विराम कर रहे थे वे फिर से प्रारंभ हो गये हैं।

---

## स्वास्थ्य संयोजक कर्मचारी संघ ने विधायक ध्रुव को सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मैनपुर

स्वास्थ्य संयोजक कर्मचारी संघ द्वारा वर्षों से व्याप्त वेतन विसंगति को दूर करने के लिए विधायक जनक ध्रुव से सौजन्य भेंट कर ज्ञापन सौंपा ज्ञात हो की स्वास्थ्य संयोजक कर्मचारी संघ विगत 2014 से अपनी वेतन विसंगति के लिए लगातार सांकेतिक हड़ताल, अनिश्चितकालीन हड़ताल एवं ज्ञापन के माध्यम से विभागीय अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों को लगातार अपनी वेतन विसंगति को दूर करने के लिए पहल कर रहे हैं लेकिन अभी तक वेतन विसंगति दूर नहीं हो पाया है, चूंकि स्वास्थ्य विभाग के अन्य कैडरों की तुलना में ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजकों को बहुत कम वेतनमान प्रदाय किया जा रहा है, अतः वेतन विसंगति दूर करने के लिए विधायक से मुलाकात कर अपनी मांगों को अवगत कराया गया, विधायक द्वारा जल्द ही आने वाले विधानसभा के मानसून सत्र में आपकी मांगों के लिए मैं विधानसभा में प्रश्न उठाऊंगा करके आश्वासन दिया गया जिसके लिए स्वास्थ्य संयोजक संयोजकों ने आभार एवं धन्यवाद ज्ञापित किया।उक्त मुलाकात कार्यक्रम में मुकेश कुमार साहू, ब्लॉक अध्यक्ष स्वास्थ्य संयोजक कर्मचारी संघ, ईशू लाल पटेल, मोहन साहू, पारेश्वर सिंह नागेश, खगेश साहू उपस्थित थे।

---

नगरीय निकाय चुनाव के लिए 4 माह शेष

# अध्यक्ष पद के लिए होगा चुनाव, दावेदार संशय में

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नवापारा-राजिम

नगरीय निकाय चुनाव के लिए नवापारा शहर में भारी उत्सुकता का माहोल अभी से देखा जा रहा है। हालांकि चुनाव के लिए 4 माह का समय बचा हुआ है। नवंबर में चुनाव होगा। लेकिन चर्चाएं शहर के चौक-चौराहो, गार्डन, होटल और पान की दुकान में चल रही है। चुनाव लड़ने के उत्सुक दोनों पार्टी के नेता ताक में है पर इनके बीच बाधा के रूप में ' सिस्टम ' सामने है। मतलब इसे सरल भाषा में कह सकते है कि नवापारा नगर पालिका इस बार महिलाओं के लिए आरक्षित होगा, या ओबीसी अथवा सामान्य? इसी ऊहापोह के बीच नेता अभी उलझन में है। ये क्लीयर होने के बाद ही सारे के सारे लोग खुलकर सामने आएंगे जो इस चुनाव में मैदान मारने के सपने पाले हुए है। हालांकि इनके सपने और मंसूबे कितने पूरे हो पाएंगे यह भविष्य के गर्भ में छिपा हुआ अनुत्तरित प्रश्न है। बहरहाल कांग्रेस का पूरा दारोमदार पीसीसी के पूर्व चीफ अभनपुर क्षेत्र के पूर्व विधायक धनेंद्र साहू के ऊपर निर्भर रहता है लेकिन भाजपा के बारे में कोई दावे के साथ यह नही कह सकता कि अमुक को टिकट मिल सकता है। क्योंकि भाजपा ऐसा निर्णय लेती है जिसे कोई सोच भी नही सकता। नए चेहरे के ऊपर भाजपा विश्वास करती है और भाजपा का यह विश्वास उसे सफलता की ओर ले जाता है। इस बार भी नवापारा नगर पालिका में भाजपा ऐसा प्रयोग करेगी तो कोई आश्चर्यजनक नहीं होगा।




#### स्थानीय नेताओं में उमंग

चुनाव नवंबर में होगा लेकिन इस बार अध्यक्ष का चुनाव डायरेक्ट होने की खबर से स्थानीय नेताओं में उमंग कुछ ज्यादा ही बढ़ा हुआ नजर आ रहा है। खासतौर से उन नेताओं में जो चुनाव लड़ने के इच्छुक है। जिन्हें पार्टी से टिकट मिलने का भरोसा है। बता दें कि भाजपा और कांग्रेस दोनो पार्टियों के लिए नगर पालिका का यह चुनाव बहुत ही प्रतिष्ठा का चुनाव होगा। टिकट वितरण में भी ये किसी तरह का कोई जल्दबाजी नही करेंगे। बहुत ही सोच-समझकर टिकट उसे ही देंगे जो विनिंग कैंडिडेट के रूप में देखा जाएगा। चूंकि यह स्थानीय चुनाव है लिहाजा जनता के बीच साफ सुथरी छवि देखी जाती है। भाजपा में जो भी होता है संगठन ही करती है। बहुत मंथन, चिंतन, मनन और विचार करने के बाद ही वे अपना कैंडिडेट तय करते है। परंतु कांग्रेस का कै केंडिडेट पूर्व विधायक के आशीर्वाद से ही मिलेगा इसे सभी जानते है। कहना न होगा इस बार दोनों ही पार्टी बहुत ही फूंक कर कदम रखेगी। ये देखा जाएगा कि जनता के बीच उसकी छबि कैसी है?

---

## कोऑपरेटिव सोसायटियों में ये बन सकते है प्राधिकृत अधिकारी

**नवापारा-राजिम।** सरकार बदलने के साथ ही जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के अधीन को ऑपरेटिव सोसायटियों में प्राधिकृत अधिकारियों की नियुक्ति होना है। कांग्रेस ने सोसायटियो में अपने हिसाब से नियुक्ति किया था अब बारी भाजपा की है। भारतीय जनता पार्टी के संभावित सूची में नवापारा सोसायटी में छन्नु साहू, पोड़ शिवगोविंद वर्मा, कठिया टोमन लाल साहू, तामासिवनी ताराचंद तारक, चांपाझर ईश्वर साहू, मानिकचौरी भोजराम साहू, सुंदरकेरा गोपाल साहू, बंजारी चंदूलाल साहू, तोरला बलराम साहू, टीला अभिराम बघेल, पटेवा दौवाराम साहू, जामगांव किशन सिन्हा, पिपरौद किशन लाल साहू, पचेड़ा विजय सिन्हा, केंद्री नेतराम साहू, अभनपुर प्रदीप शर्मा, सिवनी दीपक शर्मा, बेंद्री रविसुदन पटेल, चंडी लीलाराम साहू, सकरी अनिल साहू, खोरपा छबिराम साहू, खिलौरा माधवप्रसाद गिरी, रवेली पारसमणी साहू, टेकारी बिहारी लाल साहू, ढोंढरा खेलुराम साहू, परसदा (विघामंदिर) जगदीश चंद्र साहू, सारखी राघवेंद्र साहू, गोइंर्दा जागेश्वर साहू, मोखला विष्णु साहू, कुम्हारी आत्माराम साहू को प्राधिकृत अधिकारी बनाया जा सकता है। उल्लेखनीय है कि अभनपुर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत नवापारा जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के अधीन 13 समिति, खोरपा के अधीन 7, अभनपुर जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के अधीन 7 व अभनपुर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आरंग ब्लॉक से 7 समिति है जहां बहुत जल्द प्राधिकृत अधिकारियों की नियुक्ति हो जाएगी।